## महत्वपूर्ण एवं खास

### आठ किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा थाना पुलिस ने रविवार को भाठागांव न्यू बस स्टेंड के पास से दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को आठ 8 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना पुलिस की टीम को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित न्यू अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड पास दो व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखें है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर पुलिस आला अधिकारियों के द्वारा थाना टिकरापारा पुलिस को गांजा तस्करों को गांजा के साथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए दोनों व्यक्तियों को चिन्हांकित किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उनसे बातचीत करने पर वे भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम योगेश उर्फ निलेश एवं दुर्गेश ठाकुर निवासी मध्यप्रदेश का होना बताया। पुलिस ने उनके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 64 हजार रूपए कीमत का आठ किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा गांजा को उड़ीसा से लाकर नरसिंहपुर (मप्र) ले जाना बताया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया गया।

### नक्सली समर्थित प्रदर्शनकारियों ने निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से की मारपीट

**बीजापुर (आरएनएस)।** नक्सली समर्थित प्रदर्शनकारी इंद्रावती नदी पर निर्माणाधीन फुंडरी पुलिया का विरोध करते हुए इंद्रावती नदी के ओर बढ़े। भीड़ में लाठी-डंडा, तीर-धनुष एवं कुल्हाड़ी से लैस उग्र आंदोलनकारियों के द्वारा निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से मारपीट किया गया, जिसमें 03 मजदूर इरफान अहमद, अली अहमद एवं आलम खान व उस मार्ग से गुजर रहे 01 ग्रामीण दिनेश नागेश गम्भीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन व सीआरपीएफ के अधिकारी कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां घायलों का इलाज जारी है। घायल इरफान अहमद को सिर में गम्भीर चोट आई है, अली अहमद को कलाई व घुटने में चोट आई है, आलम खान को पीठ व कोहनी में चोट आई है, ग्रामीण दिनेश नागेश को हाथ व पैर में चोट आई है। ग्रामीण व मजदूरों से मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध थाना भैरमगढ़ में अपराध दर्ज किया जाकर संदिग्धों पूछताछ की जा रही है।

### झोला छाप डॉक्टर के इंजेक्शन से सुपरवाइजर की मौत,मामला दर्ज

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर जिले में झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है आरोपी डॉक्टर पुलिस गिरफ्त से बाहर है। दरअसल, उसने कुछ दिन पहले कॉलेज के सुपरवाजर को कमर में दर्द होने पर इंजेक्शन लगाया, तब महज एक घंटे के भीतर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अब जांच के बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। खास बात यह है कि बंगाली डॉक्टर 25 साल से थाने के पास बिना डिग्री लिए क्लिनिक चला रहा था। फिर भी किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। दुर्ग जिले के साजा क्षेत्र के देउरगांव में रहने वाले मुरली यादव (27 साल) संदीपनी नर्सिंग कालेज में सुपरवाइजर थे। बीते सोमवार की सुबह उनके कमर में दर्द हुआ, तब इलाज के लिए वे मस्तूरी में रहने वाले झोलाछाप प्रीतेश कुमार मंडल के पास उपचार कराने गए। डॉक्टर ने उनकी कमर में नेरोबियान इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगवाने के बाद वे अपने घर लौट गए। घर पहुंचते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। उन्होंने अपने साथियों को इसकी जानकारी दी। तब उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच उनकी मौत हो गई। मस्तूरी थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि कॉलेज सुपरवाइजर की मौत के बाद पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई।

# भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने की जरूरत - मुख्यमंत्री

**0 मुख्यमंत्री बघेल भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए**

**0 माता कर्मा धाम के ऑडिटोरियम का किया भूमि पूजन**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भक्त माता कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी रायपुर के कृष्णा नगर स्थित कर्मा धाम में आयोजित जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। उन्होंने भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आव्हान कार्यक्रम में किया। मुख्यमंत्री ने इसके पहले कर्मा धाम में भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने माता कर्मा धाम में बनने वाले ऑडिटोरियम का भूमि पूजन और शिलान्यास किया और परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा।



गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष विपिन साहू, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू, जिला साहू समाज के अध्यक्ष मेघराज साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहू समाज के पदाधिकारी और सदस्य इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कर्मा धाम में भक्त माता कर्मा की 1005 वीं जयंती के अवसर पर 21 से 28 मार्च तक जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान साहू समाज और ग्रीन आर्मी द्वारा गोबर के गमले में रुद्राक्ष का पौधा भेंटकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री बघेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए सभी लोगों को भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माता कर्मा के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हमारे मन में अटूट विश्वास, श्रद्धा और समर्पण है, तो कोई भी ऐसा लक्ष्य नहीं है, जिसे हासिल न किया जा सके। माता कर्मा ने यह साबित किया कि भक्ति की श्रद्धा में यह शक्ति है कि भगवान को भी प्रकट होने पर विवश कर दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है, लेकिन इसके बाद कोरोना संकट के कारण भक्त माता कर्मा जयंती के समारोहों का आयोजन विगत दो वर्ष नहीं किया जा सका। अब स्थिति सामान्य होने पर फिर से सार्वजनिक और धार्मिक आयोजन शुरू हो गए हैं।

**भक्त माता कर्मा जयंती**

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हालांकि इस समारोह का आयोजन साहू समाज द्वारा किया जाता है, लेकिन गांव के सभी समाज के लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। छत्तीसगढ़ में जयंती समारोह के दौरान गांवों में कलश यात्रा और शोभा यात्रा निकालने की भी परंपरा है। इसके माध्यम से भक्त माता कर्मा, भगवान कृष्ण और बलभद्र का स्मरण करते हैं। भगवान जगन्नाथ के भोग के रूप में खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन और समर्पण में शक्ति होती है, हमें भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलते हुए समाज को जोड़ने और समाज में कटुता को दूर कर सामाजिक समरसता और भाई चारे के लिए काम करना है। उन्होंने समाज द्वारा कर्मा धाम के लिए आरक्षित जमीन का पट्टा उपलब्ध कराने की मांग पर कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न समाजों को सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों के लिए भवन निर्माण के लिए जमीन बाजार मूल्य के मात्र 10 प्रतिशत मूल्य पर दी जा रही है। साहू समाज भी इस दिशा में जल्द पहल करें।

## शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं ने दिया धरना, समर्थन देने पहुंचे पूर्व गृहमंत्री

**कोरबा।** रामपुर में संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए क्षेत्र की महिलाओं व स्थानीय पार्षदों के नेतृत्व में चल रहे धरना प्रदर्शन के समर्थन में अब पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर भी उतर गए हैं। उन्होने कहा कि है जब तक दुकान नहीं हटेगा तब तक आंदोलन जारी रखें। प्रदर्शन को कंवर का समर्थन मिलने से दुकान बंद होने की संभावना बढ़ गई है।



रामपुर में संचालित शराब दुकान को बंद कराने के लिए पार्षद चंद्रलोक सिंह व हितानंद अग्रवाल सहित अन्य पार्षदों के नेतृत्व में महिलाओं का अनिश्चत कालीन धरना प्रदर्शन छह दिन से जारी है। शनिवार को प्रदर्शन का समर्थन करने पहुंचे रामपुर विधायक व पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने कहा कि वे महिलाओं की मांग से सहमत हैं। जब तक दुकान बंद नहीं हो जाती तब तक उनका समर्थन जारी रहेगा। बताना होगा कि धरना प्रदर्शन के पहले दिन मंगलवार को दुकान में शराब की खरीदी के लिए आने वालों का महिलाओं ने गांधीगिरी अंदाज में फूल भेंट कर स्वागत किया था। महिलाओं ने पूर्व गृहमंत्री को समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि विगत कई वर्षों से आईटीआई बालको मुख्य मार्ग पर देशी शराब दुकान संचालित है, प्रतिदिन शाम में शराब प्रेमियों का मेला सडक़ पर लगा रहता है। मार्ग से गुजरने वालों को खासी समस्या होती है। परिवार सहित आवागमन करने वालों को सदैव इस सडक़ पर छेड़छाड़ व दुर्घटना का डर बना रहता है। शराब दुकान के निकट में कन्या छात्रावास व वाल्मीकि कल्याण आश्रम है। आसपास मंदिर और बड़ी बस्तियां भी है। शराब प्रेमियों की भीड़ के कारण महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल है। महिलाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने को लेकर पहली बार प्रदर्शन नहीं हो रहा। इससे पहले भी पार्षद के नेतृत्व में महिलाएं विरोध कर चुकी है। महिलाओं का कहना है कि यह आरपार की लड़ाई है। जब तक दुकान नहीं हटाया जाएगा तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के चुनाव की घोषणा

**कोरबा।** जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, कोरबा की अत्यंत आवश्यक बैठक हुई। चेम्बर के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल व वरिष्ठ उपाध्यक्षों के साथ अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

चेम्बर के चुनाव में कार्यकारिणी के लिये अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव कराया जाना है। 20 मई 2022 को चेम्बर का चुनाव कराया जाना प्रस्तावित किया गया है। तय हुआ है कि 20 अप्रेल 2022 बुधवार को संध्या 5 बजे तक नये सदस्यों द्वारा सदस्यता ली जा सकेगी। पुराने सदस्यों, जिनकी सदस्यता समाप्त हो चुकी है वह सदस्यता शुल्क जमा कर अपनी सदस्यता का नवनीकरण करा सकेंगे। जो पुराने सदस्य नियमित हैं, वह अपना पता एवं संपर्क सूत्र सुधरवा करके अपनी जानकारियां अद्यतन करा सकेंगे।

01 मई को चुनाव अधिकारियों की घोषणा के साथ जिला चेम्बर ऑफ कामर्स के चेम्बर भवन को चेम्बर चुनाव कार्यालय के रूप में परिणित कर दिया जायेगा एवं चुनाव अधिकारियों द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप और जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के संविधान के दायरे में चुनाव करवाये जाने की कार्यवाहियां चुनाव अधिकारियों द्वारा संपन्न कराई जायेगी।

## रेत घाट होंगे ठेका मुक्त, नए वित्तीय वर्ष से गांव में चलाएंगे पंचायत व शहर में निकाय

**कोरबा।** जिले में चल रहे रेतघाटों को अब नए वित्तीय वर्ष से ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत और शहर में स्थानीय निकाय संचालित करेंगे। राज्य शासन की ओर से लिए गए इस निर्णय के बाद जिला खनिज विभाग को लिखित अनुमति का इंतजार है। वर्तमान में चल रहे 14 रेत घाटों को बढ़ाकर 18 करने की तैयारी है।

रेत घाटों को ठेकेदारों से मुक्त करने की तैयारी राज्य शासन ने कर ली है। बीते दो सालों में रेतघाटों को ठेकेदारों के हवाले किए जाने से अवैध उत्खनन में बेतहाशा वृद्धि हुई। मामले को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को निर्णय लेना पड़ा था कि अवैध खुदाई के लिए कलेक्टर व एसपी जिम्मेदार होंगे। निर्णय के बाद जमकर कार्रवाई हुई। घाटों को ठेकेदारों को देने से रेत चोरी के मामले तो बढ़े ही साथ ही अधिक कीमत में बिक्री से शासन की छवि धूमिल हुई है। माना जा रहा है कि इन तमाम विसंगतियों को देखते हुए शासन ने फिर से पंचायत व शहरी निकायों को रेत घाट सौंपे जाने का निर्णय लिया है। इसका असर अब जिला खनिज विभाग में देखा जा रहा हैं। जिले में संचालित हो रहे 14 घाट रेत आपूर्ति के लिए पर्याप्त नहीं है। निजी निकायों को घाट चलाने की अनुमति मिलने से खनिज विभाग को सहूलियत होगी। शहर में वर्तमान में एकमात्र सीतामढ़ी घाट का संचालन हो रहा है। गेरवाघाट में सर्वेश्वर एनीकट बनने के कारण घाट बंद हो गया है। वैकल्पिक तौर नवीन घाट चलाने की राह अब तक तय नहीं हुई है। जिन चार अतिरिक्त घाटों की शुरूआत होनी है, उनमें गेवरा घाट क्रमांक दो, पसान, एतमान व तरदाघाट शामिल है।

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिलीं कोरबा सांसद, बंद ट्रेनों को प्रारंभ करने की मांग

**❒ यात्री सुविधाओं की उपेक्षा व ट्रेनों की लेट लतीफी पर जनता की नाराजगी भी बताई**

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष कोरबा संसदीय क्षेत्र में व्याप्त यात्री ट्रेनों की समस्याओं के संबंध में अपनी बात रखी। सांसद ने बताया कि कोविड संक्रमण काल के दौरान कोरबा रेलवे स्टेशन से चलने वाली और यहां पर आकर ठहरने वाली यात्री ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। एक-दो ट्रेनों को छोडक़र प्रायरू सभी यात्री ट्रेनों को अब कोविड से हालात सामान्य हो जाने के बाद भी प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

इसी प्रकार कोरबा तक आना.-जाना करने वाली यात्री ट्रेनों का घटाया गया फेरा भी पूर्ववत नहीं किया जा रहा है जबकि बंद यात्री ट्रेनों का पुन: परिचालन से लेकर पूर्ववत फेरा बढ़ाए जाने की मांग जिलावासियों द्वारा लगातार की जा रही है, साथ ही यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी व सुविधाओ पर भी विस्तार से चर्चा की। सांसद ने रेल मंत्री को बताया कि अनेक स्तर पर वार्ता और आश्वासन के बाद भी यात्री सुविधाओं के मामले में उपेक्षा ही मिल रही है। इसे लेकर आम जनता में रेल प्रबंधन के विरुद्ध नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। सांसद ने चिरमिरी, बैकुंठपुर जिले की रेल समस्याओं व खासकर स्टेशन की सुविधाओं पर भी चर्चा करते हुए पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर संज्ञान लेकर रेल संबंधी जरूरतों को यथासंभव शीघ्र पूर्ण करने की बात सांसद ने रेल मंत्री से कही है।



## बेकाबू वाहन दुर्घटनाग्रस्त, स्टेयरिंग में फंसा चालक

**कोरबा।** जिले के सीमांत क्षेत्र में एक वाहन के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसका चालक स्टेयरिंग में ही फंस गया। कई घंटे तक उसे इसी स्थिति में रहना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस की डायल 112 सेवा ने मौके पर पहुंच उसे सुरक्षित निकाला।



जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर मदनपुर पतुरियाडांड क्षेत्र में नेशनल हाईवे 130बी पर यह हादसा हुआ। बांगो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्वराज माजदा वाहन के अनियंक्रित्रत होकर गड्ढे में पलट जाने के साथ चालक के साथ दुष्वारियां पेश आई। बताया गया कि केराहीपारा इलाके में दुर्घटना हुई जिसमें केवलराम साहू की जिंदगी पर बन आई। वह दुर्ग जिले के सुपेला पुलिस थाना भिलाई का निवासी बताया गया है जो सामान लेकर अंबिकापुर गया हुआ था और काम पूरा करने के बाद लौट रहा था। वापसी के दौरान उसका स्वराज माजदा वाहन बेकाबू हो गया और सडक़ से उतरकर नीचे गड्ढे में जा गिरा। इसके नतीजन स्टेयरिंग में चालक बुरी तरह से दब गया और तड़पता रहा। आसपास से गुजरने वाले लोगों के जरिए पुलिस को इसकी जानकारी हुई। कंट्रोल रूम ने आगे सूचना देकर सर्विस प्रोवाडर टीम को मौके पर भेजा। उन्होंने काफी देर तक मशक्कत करने के बाद चालक को निकाला और सीएचसी पोड़ी उपरोड़ा भेज दिया। उसे उपचार दिया जा रहा है। बचाई जा रही है जिंदगियां डॉयल 112 के लिए काम करने वाले पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति के दौरान किये जाने वाले काम को लेकर विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। इसलिए वे हर परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने के साथ पीड़ितों को बचा लेते हैं।

## संभागायुक्त डॉ.अलंग ने वेट रिलिंग इकाई में कोसा धागाकरण के काम का किया अवलोकन

**❒ स्वास्थ्य केन्द्र और जल जीवन मिशन के कार्यों का भी किया निरीक्षण**

**कोरबा।** बिलासपुर संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग ने कोरबा प्रवास के दूसरे दिन कोसा धागाकरण के वेट रिलिंग इकाई, रानी धनराज कुंवर स्वास्थ्य केन्द्र एवं जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त डॉ. अलंग ने रेशम विभाग के कोसाबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर महिलाओं द्वारा कोकून से धागा निकालने के किये जा रहे काम का अवलोकन किया। उन्होंने रेशम विभाग के सहायक संचालक से केन्द्र में स्थापित वेट रिलिंग और बुनियाद रिलिंग इकाई के बारे में जानकारी ली। कोसाबाड़ी केन्द्र में लगभग 45 महिलाएं वेट रिलिंग और बुनियाद मशीन से कोसा धागा निकालने के काम में संलग्न हैं। जिले के बुनकर उच्च गुणवत्ता के कोसा धागा के लिए चाईना और जापान जैसे देशों पर निर्भर थे। इस कमी को पूरा करने के लिए रेशम विभाग द्वारा वेट रिलिंग मशीन स्थापित किया गया है। इस मशीन से उच्च गुणवत्ता के कोसा धागा निकालने का काम महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। जिससे महिलाओं को प्रति माह अच्छी आमदनी हो रही है। डॉ. अलंग ने कोसा धागाकरण के काम में शामिल महिलाओं से भी बात की। उन्होंने महिलाओं द्वारा किये जा रहे काम की प्रशंसा करते हुए अच्छे काम के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उपायुक्त विकास अर्चना मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, एडीएम सुनील नायक, एसडीएम कोरबा हरिशंकर पैंकरा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



संभागायुक्त डॉ. अलंग ने कुरूडीह में हितग्राही के घर पहुंचकर जल जीवन मिशन के कार्य का किया अवलोकन- संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग आज जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों का जायजा लेने विकासखंड कोरबा के ग्राम कुरूडीह के बैगा पारा बसाहट पहुंचे। गांव में सोलर आधारित पंप और पानी टंकी के माध्यम से पाईप लाईन बिछाकर 18 हितग्राहियों के घरों में नल कनेक्शन दिए गये हैं। डॉ. अलंग ने हितग्राहियों के घरों तक पहुंचकर नल कनेक्शन का अवलोकन किया। उन्होंने योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों राधिका बाई, भूखिन बाई एवं कुमारी बाई से बात कर नल कनेक्शन से पानी आपूर्ति का फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले दूर से पानी लाते थे। जिसमें समय और मेहनत दोनों ही लगते थे। योजना अन्तर्गत अब घर में नल कनेक्शन दिए जाने से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। पीने और अन्य उपयोग के लिए पानी घर में ही नल के माध्यम से मिल जाता है।

डॉ. अलंग ने रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण- संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने कोरबा शहर स्थित रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU